हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026






**घटिया निर्माण:** रेलवे ने आनन फानन में शुरू की मरम्मत, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

# लोकार्पण के 15 दिन में ही धंसे तीन रेलवे ओवरब्रिज पहली बारिश में खुली करोड़ों के निर्माण की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रेल मार्ग पर हाल ही लोकार्पित हुए रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड़ पखवाड़ेभर में ही धंस गई। पहली बारिश में ही सड़क पर पड़ी भ्रष्टाचार की मोटी दरारें साफ दिखाई दे रही है। लगभग 22 से 26 करोड़ की लागत से निर्मित मुसरा, आलीवारा और धनगांव की रेलवे ओवरब्रिज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इन तीनों ओवरब्रिज की सड़कें पहली बारिश भी नहीं झेल पाई और इसकी सड़क धंसकर फटने लगी है। पुल की सड़क पर लगभग 100 मीटर तक मोटी-मोटी दरारें पड़ गई है। हाल ही में इन तीनों ओवरब्रिज का लोकार्पण किया गया था।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुई बारिश में आलीवारा रेलवे ओवरब्रिज की सड़क फटने लगी। सुबह जब स्थानीय लोगों ने देखा तो सड़क पर काफी दूर तक दरारें पड़ी थी और सड़क भी धंस गई थी। वहीं रविवार की शाम ग्राम बरगा और मुसरा में निर्मित इन दोनों रेलवे ओवरब्रिज में भी लंबी-लंबी दरारें नजर आने लगी। बरगा रेलवे ब्रिज पर तो लगभग 100 मीटर के क्षेत्र में एप्रोच रोड दो हिस्सों में बंट गई। यहां लगभग दो फीट गहरी और 5-6 इंच चौड़ी दरारें सड़क के बीचो-बीच बन गई। जिससे सड़क दो हिस्सों में बंट गई।

**बरगा रेलवे पुल**



**आलीवारा पुल**



**मुसरा पुल**



### टेक्निकल टीम करेगी निरीक्षण

पुल की सड़क धंसने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे के असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर मिथिलेश कुमार ने कहा कि दोनों ओर से पानी फाउंडेशन के भीतर जाने से दरार हुआ है। माइनर सेटलमेंट की वजह से ऐसा होना दिखाई दे रहा है। इसे दोबारा बनाकर ठीक करवा दिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि इसमें पानी के अलावा और कोई वजह तो नहीं है यह देखा जा रहा है। मंगलवार को टेक्निकल टीम पहुंचेगी, जो ब्रिज का निरीक्षण करेगी।

### रेलवे प्रशासन में हड़कंप

दो दिन के भीतर ही राजनांदगांव में नवनिर्मित तीन रेलवे ओवरब्रिज की सड़क धंसने की जानकारी मिलने से रेलवे प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। नागपुर डिवीजन के डीआरएम ने प्रभावित ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी जांच कराई जाएगी, उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

### निरीक्षण से पहले ही ढंकी गई दरारें

पुल की सड़क पर पड़ी दरारों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए यहां पर ड्राईंग-डिजाइन तैयार करने वाले इंजीनियर और अन्य अधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण किया जाना है, लेकिन इससे पहले ही आज सुबह डामर की सड़क पर दरारों में कंक्रीट भरने का काम किया जाता रहा। ऐसे में यदि इंजीनियर मौके का निरीक्षण करते हैं तो उन्हें वस्तुस्थिति दिखाई नहीं पड़ेगी।

### भ्रष्टाचार छुपाने लीपापोती

पुल की सड़क धंसने की जानकारी मिलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद मौके पर रेलवे के इंजीनियर और निर्माण कंपनी के संचालक भी पहुंच गए। पुल की सड़क पर डामर धंसने और लंबी दरारें पड़ने के बाद इसकी लीपापोती के लिए सड़क पर दरारें को कंक्रीट से भरा जाने लगा। जिसका लोगों ने विरोध किया।

### रिटर्निंग वॉल से उखड़ी सड़क

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मुसरा रेलवे ओवरब्रिज में भी रिटर्निंग वॉल के समीप दोनों किनारों पर काफी दूर तक दरारें पड़ने से सड़क उखड़ गई। इस डामर की सड़क पर उखड़े हुए क्षेत्र में कंक्रीट डाला गया। यहां भी लगभग दो-तीन फीट गहराई में सड़क के धंसने का मामला सामने आया है। रेलवे के डीआरएम के पहुंचने से पहले ही ठेकेदार द्वारा कंक्रीट से सड़कों की मरम्मत की गई।

### ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की तैयारी

पहली बारिश में पुल की सड़क धंसकर फटने के मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने इसके निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए। ग्राम बरगा निवासी चतुरराम यादव सहित अन्य लोगों ने कहा कि भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए यहां पर सीमेंट से दरारों को ढंका जा रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू मुदलियार ने कहा कि इस पुल की जांच कराई जाए और संबंधित इंजीनियर, ठेकेदार एवं इन्हें संरक्षण देने वाले नेताओं पर भी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर तीन दिवस के भीतर इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो वह चक्काजाम और कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे।

### पानी के रिसाव से गड्ढे

पुल की सड़क धंसने के मामले को लेकर बरगा पहुंचे निर्माण कंपनी के डायरेक्टर राजेंद्र सिंह घाई का कहना है कि बारिश की वजह से मिट्टी सेटल होने की चलते ऐसा हुआ होगा। बीच में पानी रिसाव होने की वजह से गड्ढा होना दिख रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तविक जानकारी ब्रिज डिजाइन करने वाले तकनीक इंजीनियर ही बता सकते हैं। वहीं उन्होंने गुणवत्ता को लेकर कहा कि मापदंड के अनुसार पुल का निर्माण कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि घाई कंस्ट्रक्शन द्वारा 130 करोड़ रुपए की लागत से मुढ़ीपार, बरगा, धनगांव, खपरीकला, घुसेरा, अछोली और चिद्दो में ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

### जांच के लिए कलेक्टर ने लिखा पत्र

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले के ग्राम बरगा एवं आलीवारा स्थित रेल्वे ओवरब्रिज के कथित गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य संबंधी प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते आवश्यक कार्रवाई के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पत्र प्रेषित किया है। कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि मीडिया में ग्राम बरगा एवं आलीवारा स्थित रेलवे ओवरब्रिज के गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ है। कलेक्टर ने रेलवे से कहा कि प्रकाशित शिकायत के संबंध में उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 1667.7 मिमी वर्षा दर्ज


**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1667.7 मिमी बारिश एवं औसत 238.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 265.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 286.5 मिमी, राजनांदगांव में 324.4 मिमी, घुमका तहसील में 112.5 मिमी, छुरिया में 199.6 मिमी, कुमरदा तहसील में 255.3 मिमी, डोंगरगांव में 224.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव में 324.4 मिमी दर्ज की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में 544.6 मिमी एवं औसत 77.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 89.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 85 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 118.6 मिमी, घुमका तहसील में 63.5 छुरिया तहसील में 69.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 50 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 68.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव में 118.6 मिमी दर्ज की गई है।


# रास्ते में आने-जाने की बात को लेकर चाकू से हमला

**राजनांदगांव।** रास्ते में आने-जाने की बात को लेकर विवाद करते चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तामेश्वर वर्मा 18 वर्ष निवासी ग्राम सलोनी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई को वह काम करने ग्राम आमदनी गया था। करीब 1 बजे उसकी मां ने फोन कर बताया कि उसके पिता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले जाया गया है, क्योंकि अनिल वर्मा ने उसके पिता पर चाकू से हमला कर दिया है। घटना के संबंध में पूछने पर उसके पिता ने बताया कि लगभग 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। उसी समय अनिल वर्मा वहां आया और रास्ते में आने-जाने की बात को लेकर गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी ने अपने पास रखे धारदार चाकू से हमला किया। बचने के प्रयास में पीछे हटने पर आरोपी ने उनके पेट के बांयी ओर चाकू मार दिया। जिससे गंभीर चोंट आई और खून निकलने लगा, जिस पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 296, 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

विवेचना के दौरान आरोपी अनिल कुमार वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।







0 **राजनांदगांव।** मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों तक तेज हवाओं और बिजली चमकने के साथ मूसलाधार वर्षा की चेतावनी दी गई है। जिससे नदी-नाले उफान पर आ सकते हैं। वहीं अंचल के किसानों ने खेती बाड़ी के कामों में तेजी शुरू कर दिया है। बोनी के साथ-साथ खाद का छिड़काव भी किया जा रहा है।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत पर स्पर्धा आयोजित



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में गत दिनों चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का विषय भारत 1947 से भारत 2047 तक था। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य टीएल देवांगन ने कहा कि यह विषय हम में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए विकसित भारत के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाती है। व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि सदियों की गुलामी के पश्चात मिली आजादी से लेकर विकसित भारत के सपने को इन बच्चों ने अपनी कल्पना से रंग भरा है। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। प्रतियोगिता में यामिनी, हेतल, जानवी, प्रियंका, यामिनी, किरण, गरिमा, डेविड आदि ने भाग लिया।

### गरीबों को बेघर करना असंवेदनशीलता



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने ग्राम नकटी के अनेक परिवारों के आश्रय ध्वस्त किए जाने की घटना पर गहरा दुःख एवं चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरीबों के सिर से छत छीनना शासन की सबसे बड़ी विफलता है। प्रशासनिक कार्रवाई आवश्यक होने पर प्रभावितों के पुनर्वास, भोजन, पेयजल और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करना सरकार का दायित्व था किन्तु सरकार ने बारिश के बीच महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान घटना से साफ हो गया है कि भाजपा सरकार प्रदेश के गरीब, किसान, मजदूर की समस्याओं को लेकर संवेदनशील नहीं है।

### नक्सल हिंसा पीड़ित करेंगे 8 को प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** नक्सल हिंसा के शिकार परिवार आगामी 8 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है कि घोषणाएं बंद कर प्रभावितों को मकान देने की पहल सरकार को करना चाहिए। पीड़ित परिवार के धीरेन्द्र साहू ने आरोप लगाया कि पुनर्वास नीति के तहत उन्हे एवं अन्य परिवारों को आवास, भूमि पट्टा, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाएं नहीं मिलीं। कुछ को नौकरी या एकमुश्त राशि देकर मामला रफा-दफा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट में लिखा है कि कई परिवारों के पास घर नहीं। मकान खंडहर हो चुके हैं। सबको लाभ मिलने के दावे को उन्होंने सरासर झूठ बताया है। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों को आवास, भूमि, छात्रवृत्ति देने की मांग की है।

### शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.980 बल्क लीटर देशी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक सियाराम धुर्वे टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नेवासपुर निवासी भारत बारले पुल के पास अवैध शराब बेच रहा है। प्रधान आरक्षक सियाराम धुर्वे ने गवाहों की उपस्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी भारत बारले के पास से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 11 पौवा देशी प्लेन शोले शराब बरामद किया।पुलिस ने आरोपी भारत बारले पिता सुंदरलाल बारले के विरुद्ध धारा 34(1) (ब) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

### प्रेम साईं पहुंचे देवी दर्शन करने



**डोंगरगढ़।** अभनपुर स्थित माँ मातंगी धाम के प्रेम साईं महाराज धर्मनगरी में विराजमान माँ बमलेश्वरी के दर्शन करने पहुँचे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुषमा कोठारी, संजय गुमास्ता, प्रिंस कक्कड़, वीरू साहू, परविंदर एस मोंटी, सुमित ताम्रकार, मयंक डोंगरे सहित अन्य ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह 14 से

**डोंगरगढ़।** वार्ड 3 स्थित श्री हरिहर मंदिर में राधे कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी 14 से 16 जुलाई तक रखा गया है। यह आयोजन श्री हरिहर मंदिर समिति, सोनी परिवार एवं वार्डवासियों के सहयोग से किया गया है। समारोह के तहत 14 जुलाई को कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे वेदी पूजन होगा। दूसरे दिन 15 जुलाई को राधे कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार का अधिवास कराया जाएगा। अंतिम दिन 16 जुलाई को अभिषेक एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगा। अपरान्ह 3 बजे से भंडारा का आयोजन रखा गया है।

### बैठक में समस्याओं पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** छग. टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु की अध्यक्षता और जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा के आतिथ्य में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में संविलियन से आए शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष करने पर विचार किया गया। सदस्यता अभियान शुरु करते हुए समस्त शिक्षकों को जोड़ने, शिक्षक पात्रता की सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजित करने, डिवाइस उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि जिले के 66 शिक्षकों ने माननीय उच्च न्यायालय में पुरानी पेंशन को लेकर याचिका दायर किया था, जिसका निर्णय शिक्षकों के पक्ष में हुआ है परंतु सरकार ने अब तक निर्णय नहीं लिया है जिसे ध्यान में रखते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर किया जाना है। बैठक में शरद शुक्ला, बृजेश वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, देवेंद्र साहू, मनोज वर्मा, राजेश साहू, महेश उइके, अनिल शर्मा, किशन देशमुख, नरेश दुगकर, सुभाष पटेल, रेसुलाल सिन्हा, सोहन वर्मा, हुमन साहू, माधो साहू, संजीव गंधर्व, मनीष सोनी, जयंत यादव, उमेश टंडन आदि उपस्थित थे।

## गांव के स्कूलों की हालत खराब, जनप्रतिनिधि और अधिकारी हुए लापरवाह

# स्कूलों की छत से टपकते पानी के बीच पढ़ाई करने मजबूर बच्चे

**बच्चों की पढ़ाई बाधित होने से पालकों की बढ़ी चिंता**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार की प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हो गया है। शाला के छात्रों को समस्याओं से जूझते हुए पढ़ाई करना पड़ रहा है। भवन की छत से पानी टपकता है फिर भी छात्र यहां बैठकर पढ़ाई करने मजबुर हैं।

ग्राम के भैरव साहू, यशवंत पटेल सहित अन्य ने बताया कि यह स्कूल भवन लगभग दो दशक पुराना है जिसकी छत काफी जर्जर हो गई है। बरसात के दिनों में छात्रों को बैठाकर पढ़ाना काफी मुश्किल हो जाता है। छत से बरसाती पानी टपकता है। छत का मलबा भी गिरते रहता है। ग्रामीण इस समस्या से कई दफा शिक्षा एवं पंचायत विभाग को अवगत करा चुके है तथा नए भवन की मांग किया गया है किन्तु न तो पुराने भवन की मरम्मत हुई है और नए भवन को स्वीकृति मिली है। तेज बारिश होने पर छात्रों को छुट्टी देना पड़ जाता है या फिर एक- दो कक्ष में पांच कक्षा के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। वर्तमान में स्कूल की छत पर त्रिपाल लगाकर पानी से बचने का प्रयास किया गया है।

### किचन शेड भी खस्ताहाल

विद्यालय के किचन शेड का हाल भी बहुत बुरा है। पानी पटकने से राशन भीग जाता है। गिरते पानी के बीच भोजन पकाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण ने नए किचन शेड निर्माण की मांग की है। सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि शाला भवन की स्थिति से विभाग को कई दफा अवगत कराया जा चुका है। जनप्रतिनिधियों से शाला भवन की मांग किया गया है पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। स्कूल भवन एवं कीचन शेड का जीर्णोद्धार कराना आवश्यक हो गया है।

## बच्चों की पढ़ाई में रोड़ा बनी जर्जर सड़क



**बांधाबाजार।** जादूटोला से दैहान तक 2 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों बदत्तर हो चुकी। इस सड़क पर वाहन चलाना तो दूर लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए है। पूरी सड़क में कहीं भी डामरीकरण का निशान तक दिखाई नहीं देता है। सड़क के खस्ताहाल होने से अंचल के लोगों का आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है। बरसात शुरू होने के बाद सबसे अधिक दिक्कत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जादूटोला उपचार कराने आने वाले लोगों को हो रही है। इसी प्रकार करीब 100 छात्र छात्राएं प्रतिदिन उबड़ खाबड़ सड़क से सफर कर जादूटोला तक आना जाना करते हैं। इन बच्चों को कभी हाथ में चप्पल ,जूता या सिर पर बैग रखकर चलते देखा जाता है।

### दो ब्लाक को जोड़ती है सड़क

जानकारी अनुसार जादूटोला-दैहान दो ब्लॉक अं चौकी और छुरिया को जोड़ती है। जनप्रतिनिधि इस सड़क की मरम्मत कराने से रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इस मसले को लेकर इस मार्ग से गुजरने वाले पंचायत प्रतिनिधि भी खामोश हैं। आए दिन होने वाली परेशानी और मरम्मत में की जा रही लापरवाही को देखते हुए ग्रामीणों की नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

### जीर्णोद्धार की मांग

ग्राम के फेरूराम सिन्हा, रामचंद्र सिन्हा, जयचंद सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, अर्जुनलाल सिन्हा, दूर्जनलाल चन्द्रवंशी, अर्जुनलाल चन्द्रवंशी, आनंदराम सेवता, ललितकुमार सिन्हा, बालमकुद मंडावी, संतोष ठाकुर, उदय प्रकाश यादव, विजय भारतद्वाज, गिरजानंद सिन्हा, भोलाराम कोटेलकर, डोमारसिंह, आशाराम, बसंतकुमार, उदेराम, महेन्द्र कुमार, मुकेश गजेन्द्र, अश्वनी साहू, पुलेन्द्र बसु, परसराम, नरेश कुमार, सुरीतकुमार, रामाधार सिन्हा आदि ने शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## ब्लाक में सात स्कूल एक शिक्षकीय

**डोंगरगांव।** जनपद पंचायत में शिक्षा समिति की बैठक उपाध्यक्ष मनीष साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा करते हुए जर्जर शालाओ की जानकारी ली गई। शालाओ के मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजने का प्रस्ताव किया गया। जिन शालाओं में शौचालय की कमी है वहां निर्माण कराने पर चर्चा की गई। बैठक में पाठ्य पुस्तक गणवेश एवं साइकिल वितरण की जानकारी ली गई ।विकासखंड में अभी तक गणवेश प्राप्त नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की गई।बैठक में बीईओ जयंत साहू ने बताया कि विकासखंड में सात प्राथमिक शाला एक शिक्षकीय है एवं एक पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर दो शिक्षकीय है। यहां ट्यूटर की व्यवस्था करने की बात कही गई। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सदस्य टुमनलाल साहू, कांति चन्द्रवंशी, बीईओ जयंत साहू, पंचायत इंस्पेक्टर हीरालाल शेंडे एवं मुकेश शामिल हुए।



# पहले गर्मी और अब बारिश ने बढ़ाई दिक्कतें

- विभिन्न बस्तियों में भरा पानी, सड़कों पर फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दो तीन दिनों से बारिश होने के बाद शहर की बुनियादी व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। जलभराव होने से केदारबाड़ी सहित निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। शहर की कुछ बस्तियों और सड़कों पर पानी जमा हो गया है, जिससे आवागमन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बारिश के पहले नाली और नालों की मुकम्मल सफाई के दावे के बीच हालात पहले जैसे बने हुए हैं। बीते दिनों बारिश होने के बाद केदारबाड़ी और टिकरापारा में सबसे बदतर स्थिति देखने मिला। यहां घुटनों तक पानी भर गया था वहीं नालियों की गंदगी बहकर लोगों के घरों तक पहुंच गई थी। गंदगी फैलने के बाद महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 3 में सड़कों का निशान तक नहीं बचा है। इस इलाके में सड़क और नाली का अभाव है। मोहल्ले की सड़कें पानी में डूब चुकी हैं और मोहल्ल्ल टापू में तब्दील हो गया हैं।

### अतिक्रमण ने बढ़ाई मुसीबत

शहर के नालों पर अतिक्रमण और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी घरों में घुस गया। शहर के कई वार्डों में जलभराव होने से दैनिक जीवन प्रभावित हुआ। भारी बारिश के बाद जहां लोगों के घरों में रखा सामान भीग गया वहीं कुछ को रातभर पानी निकालने जुटे रहना पड़ा। लोगों का कहना है कि नालों पर हुए अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। यह स्थिति हर साल बनती है किन्तु इसका स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से प्रमुख नालों से अतिक्रमण हटाकर जल निकासी सुगम बनाने की मांग की है ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### लोगों का घर से निकलना मुश्किल

जलभराव के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। कई परिवारों को को सड़क तक पहुंचने के लिए गंदे पानी और कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता निजार जीवा ने बदहाली पर पालिका प्रशासन को घेरा है। उन्होंने कहा कि शहर के नालों को संकरी नाली में तब्दील कर दिया गया है। नाली के ऊपर दुकान और मकान बना लिया गया है जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई नहीं होने से वर्तमान स्थिति निर्मित हुई है।

# आरएसएस की बैठक में कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा

**पटेवा।** ग्राम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव एवं खंड योजना बैठक का आयोजन कर्मा भवन में किया गया।



प्रारंभ में केशवराम बलीराम हेगड़ेवार एवं भारत माता की पूजा अर्चना से किया गया। बैठक में संगठन को मजबूती करने, धर्मांतरण पर रोक, गौ पालन, कुटुम्ब प्रबोधन आदि पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर डेमनलाल तरार, नंदकिशोर साहू, रमेश वर्मा, अजयसिंह ठाकुर, रोहित निर्मलकर, गजेन्द्र कुमार, गीतमलाल साहू, डेमन साहू, शोभित साहू, रवि साहू, शुभम, शिवम वर्मा, सुमित वर्मा आदि उपस्थित थे।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान 10 तक, भक्तों में उत्साह



**डोंगरगांव।** स्थानीय श्री दिगंबर जैन मंदिर में इन दिनों आस्था, भक्ति और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। नगर के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के सौजन्य से श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का संगीतमय आयोजन किया गया है, जो आगामी 10 जुलाई तक चलेगा।

महोत्सव का शुभारंभ गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई घटयात्रा से हुआ। जैन समाज की मातृशक्तियों और श्राविकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। मंदिर परिसर पहुंचने के पश्चात मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण की मांगलिक क्रिया पूरी की गईं और सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ। विधानाचार्य राजेन्द्र भैया के निर्देशन में प्रतिदिन पूजन क्रियाएं संपन्न कराई जा रही हैं। मंत्रोच्चार के साथ इंद्र-इंद्राणियों द्वारा सिद्धों की आराधना करते हुए श्रीजी के समक्ष अर्घ्य समर्पित किए जा रहे हैं।

### विकारों का नाश

जैन दर्शन के अनुसार सिद्धचक्र विधान की आराधना से आत्मा के विकारों का नाश होता है और अष्टान्हिका पर्व के दौरान इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। चौधरी परिवार के सदस्यों ने बताया कि सुख, समृद्धि और विश्व कल्याण की भावना के साथ इस महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

### महाआरती में झूमते भक्त

विधान के दौरान प्रतिदिन संध्याकाल में श्रीजी की महाआरती उतारी की जा रही है, जिसमें जैन समाज बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। रात्रि में तत्व चर्चा और भजनांजलि का आयोजन किया जा रहा है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक में संस्कारों का बीजारोहण कर रहा है।

# डॉ. मुखर्जी को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर शहर भाजपा ने विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उनके विचार, सिद्धांत और राष्ट्रसेवा की भावना आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सुनील चीकू जैन, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, वीरेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, विनीत यादव, विनय बंसल, आकाशसिंह राजपूत, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश, अमित जैन, चितरंजन साहू, अक्षय यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, सविता दरगढ़ उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
- मूत्र रोग एवं सर्जरी
- किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
- प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
- यौन संबंधी समस्याएं
- महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### पुराने दस्तावेजों का मिलान कर मुख्यालय लाने का निर्णय

# एडवर्ड पार्क जॉच का दायरा बढ़ा तालाब मामला बन सकता है आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगॉव कवर्धा रोड में एडवर्ड पार्क में अवैध प्लाटिंग के कंफर्मेशन बाद जमीन की वैधता को लेकर कमिश्नर के निर्देश पर बनी जॉच समिति ने जॉच का दायरा बढ़ा दिया है। जॉच समिति की बैठक में शिकायतकर्ता के साथ जमीन की खरीदी बिक्री करने वालों की तरफ से उनके अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहे जहॉ जॉच को लेकर तय बिंदुओ पर चर्चा हुई और जिला विभाजन दौरान राजनांदगॉव अभिलेखागार में रखे जिले के सारे जमीन के पुराने दस्तावेजों का मिलान कर मुख्यालय लाने का निर्णय लिया गया।

समिति की बैठक में अध्यक्ष एडीएम सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने स्पष्ट किया कि शिकायत को लेकर सारे तथ्यों और दस्तावेजों की सिलसिलेवार जॉच की जाएगी उसके बाद ही शासन प्रशासन को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। समिति सदस्य नगर निवेश के उप संचालक के अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकारी जमीन अथवा निजी जमीन की वैधता को लेकर जारी जॉच में उनका शामिल नही होना जॉच की रफ्तार को प्रभावित करता है। ऐसे महत्वपूर्ण मामले में सभी सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है इसलिए तय तारीख को सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। समिति की बैठक में पार्क की जमीन खरीदने वाले दो अन्य अजय जैन और नवीन जैन ने भी नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का हवाला देते हुए उनको भी जॉच प्रक्रिया मे शामिल करने का आवेदन दिया था जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया। मामले मे जॉच को लेकर शिकायतकर्ता ने भारत संघ मे विलय के दौरान रियासत के राजा की निजी संपत्ति को लेकर तैयार इंवेंटरी सूची, विलय दौरान तैयार मर्जर और एसडीएम द्वारा अवैध प्लाटिंग की शिकायत दौरान किए जॉच का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जबकि दूसरे पक्ष की ओर से नजूल मेंटनेंस खसरा, अधकार अभिलेख का पुराना रिकार्ड और जमीन रजिस्ट्री की प्रतिलिपि पेश की। समिति ने दोनो पक्षो को दस्तावेजों का एक एक सेट उपलब्ध कराया है।



#### बारिकी से हो रही जांच

आदेश में कहा गया है कि केवल वर्तमान प्रविष्टियों के आधार पर भूमि के मूल चरित्र को समाप्त नहीं माना जा सकता, विशेषकर तब जब ऐतिहासिक अभिलेख उसके सार्वजनिक एवं निस्तारी उपयोग की पुष्टि करते हों। एडवर्ड पार्क मामले मे भी कमोबेश यही स्थिति निर्मित हो रही है क्योकि उक्त खसरा नंबर 114 में एडवर्ड पार्क और 115 में पार्क, छोटे घास का जंगल लिखा हुआ है। सिंगारपुर मे 71 वर्ष पुराने निस्तार अभिलेखों को आधार बनाकर तालाब के मूल स्वरूप की रक्षा को कोर्ट ने जिस प्रकार प्राथमिकता दी गई है उसके चलते जॉच समिति भी एडवर्ड पार्क मामले में भी फूंक फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही है।

#### सिंगारपुर तालाब का फैसला बनेगा अहम आधार

*सिंगारपुर में निस्तारी तालाब के बिक्री और समतलीकरण को लेकर तहसील कोर्ट का फैसला भी काफी हद तक एडवर्ड पार्क के मामले को प्रभावित कर सकता है। जून 26 को पारित आदेश में न्यायालय ने खसरा नंबर 135 और 136 पर कृषि कार्य की अनुमति देने संबंधी आवेदन को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया है कि पुराने अभिलेखों में तालाब व निस्तारी भूमि के रूप में दर्ज भूमि का मूल स्वरूप परिवर्तित नहीं किया जा सकता। खसरा नंबर 136 के कफियत कॉलम में स्पष्ट रूप से तालाब दर्ज पाया गया, जबकि खसरा नंबर 135 को छोटे झाड़ का जंगल, घास मद एवं तालाब पार के रूप में उल्लेखित किया गया है। न्यायालय ने माना कि ये अभिलेख भूमि के ऐतिहासिक स्वरूप को प्रमाणित करते हैं। सुनवाई दौरान यह भी सामने आया कि वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में भूमि निजी स्वामित्व में दर्ज है और समय-समय पर उसका हस्तांतरण भी हुआ है। इसके बावजूद न्यायालय ने माना कि पुराने निस्तार अभिलेखों और राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज तालाब व निस्तारी स्वरूप की उपेक्षा नहीं की जा सकती।*

# संभागायुक्त ने पीएचसी जालबांधा और छुईखदान सीएचसी का किया निरीक्षण

### मरीजों को मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जालबांधा और छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं सहित मरीजों को मिल रही सेवाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जालबांधा में ओपीडी, भर्ती सेवाओं, संस्थागत प्रसव और प्रयोगशाला सेवा का अवलोकन किया।

भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधा का अवलोकन करते हुए उत्कृष्ट लैब सेवाओं की सराहना की वही मौसमी बीमारियों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दीं और निर्देशित किया कि गुणवत्ता आश्वासन के निर्धारित मानकों को निरंतर बनाए रखते हुए मरीजों को उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा दी जाए। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा व बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डॉ मोहम्मद असलम सहित अन्य



#### परिसर में हरियाली लाने करें पौधारोपण

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में संभागायुक्त ने ओपीडी, कैजुअल्टी, भर्ती वार्ड, एक्स-रे यूनिट का अवलोकन किया। सिजेरियन प्रसव सेवाओं की जानकारी ली और अप्रैल से जून माह के दौरान 40 सफल सिजेरियन ऑपरेशन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सकीय टीम की सराहना की। संभागायुक्त ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने, कायाकल्प व राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन के लिए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरा करने कहा वही वार्डों में वेंटिलेशन की व्यवस्था में सुधार, गुणवत्ता विकास संबंधी कार्य जीवन दीप समिति के माध्यम से कराने, पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने और दवाओं सहित आवश्यक जांच सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया इसके अलावा नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण करने कहा। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, एसडीएम अविनाश ठाकुर, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, बीएमओ डॉ. मनीष बघेल उपस्थित थे।*

# भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**डोंगरगांव।** भाजपा मंडल ने शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के मौके पर संत रविदास भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन और गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन से हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने श्री मुखर्जी के विचारों, योगदान और बलिदान का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और राष्ट्रहित के विचारों को लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के संकल्प को पूरा किया है। अंत में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों के अनुरूप काम करने प्रेरित किया। इस मौके पर रामकिशन माहेश्वरी, दीना पटेल, संतोष यादव, रमेश सोनी, हेमंत चोपड़ा, हरीश गांधी, योगेश पटेल, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, दुर्गेश रामटेके, सीए हीना मंगल जैन, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, कुमारी वैष्णव, खेमिनबाई साहू, ममता उके, प्रतिभा पटेल, रितु सोनकर, दयानंद सेन, राजीव वैष्णव, भीषण साहू, अजय वैष्णव, गौरव यदु,संतोष सिन्हा, भुवन सिंह, कमल साहू, रुद्र कोरे सहित अन्य उपस्थित थे।



# स्वच्छता की नई मिसाल बनी ग्राम पंचायत अवेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- **ग्रामवासियों ने मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी की भावना को अपनाया**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ व सशक्त बनाने की दिशा में ग्राम पंचायत अवेली ने पूरे जिले में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पंचायत ने विशेष जन जागरूकता अभियान और स्वच्छता शिविरों के माध्यम से 330 परिवारों में से 306 परिवारों 92 प्रतिशत से एक साल का 240 रूपए प्रति परिवार के हिसाब से 73 हजार 440 का स्वच्छता शुल्क संग्रहित कर जिले की पहली ऐसी ग्राम पंचायत बनने का गौरव पाया है, जिसने इतने बड़े स्तर पर जनसहभागिता सुनिश्चित की।

यह सफलता केवल राशि संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी और सहभागिता का प्रतीक है। ग्रामवासियों ने मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी की भावना को अपनाते हुए स्वेच्छा से यूजर चार्ज जमा किया और यह संदेश दिया कि स्वच्छ गांव का निर्माण केवल शासन नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। इस उपलब्धि के पीछे सरपंच दुर्गाबाई भारत लाल सेन, सचिव चिंताराम वर्मा, उप सरपंच कमलेश यादव का नेतृत्व और पंच नरेंद्र सेन, फुलेश्वरी साहू, तीरथ साहू, पुनेश्वरी पटेल, टिकेश्वर साहू, फलेन्द्र पटेल, राजकुमार साहू, भाऊशंकर, चमेली साहू, पार्वती साहू, प्रीति साहू व टिकेश्वर साहू का सहयोग रहा जिन्होने घर-घर संपर्क कर ग्रामीणों को स्वच्छता शुल्क के महत्व से अवगत कराया और अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल व जिप सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में संचालित अभियान मे सभी 114 ग्राम पंचायतों में यूजर चार्ज संग्रह व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है।

#### तेजी से जारी है यूजर चार्ज का संग्रहण काम

*स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के विकासखंड समवयक बैद्यनाथ वर्मा, संकुल समंवयक दूलेश्वर वर्मा द्वारा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, स्वच्छग्राही सहित बिहान स्व-सहायता समूह के सदस्यों को लगातार प्रशिक्षण देकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुरूप कचरे के पृथक्करण, संग्रहण व वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। यही सतत प्रशिक्षण ग्राम पंचायत अवेली की सफलता का मजबूत आधार बना है। वर्तमान में ग्राम पंचायत में सप्ताह में एक दिन नियमित रूप से घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। पंचायत व स्वच्छग्राही टीम पूरे समर्पण के साथ गांव को स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ बनाने लगातार काम कर रही है। जनपद के अन्य ग्राम पंचायतों में भी यूजर चार्ज संग्रह अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। अनेक ग्राम पंचायतें 30, 40 और 50 प्रतिशत तक संग्रहण कर चुकी हैं। जनपद का लक्ष्य जुलाई माह के अंत तक 80 प्रतिशत परिवारों से यूजर चार्ज संग्रह सुनिश्चित करना है, ताकि पूरे विकासखंड को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर एक नई पहचान मिल सकें।*

# छात्रों की गूंज अभियान को लेकर गांव-गांव पहुंचेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीट पेपर लीक मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे छात्रों की गूंज अभियान को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित करते जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी तथा बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दा कांग्रेस द्वारा प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज सबसे अधिक असुरक्षित महसूस कर रहा है।

वर्षों की मेहनत, लाखों परिवारों की पूंजी और विद्यार्थियों के सपने पेपर लीक तथा अव्यवस्थित परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ रहे हैं। लगभग 22 लाख विद्यार्थियों द्वारा दी गई राष्ट्रीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़े विवादों ने लाखों परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा के लिए बच्चे लंबे समय से अपनी तैयारी करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में पेपर लीक जैसी गंभीर घटना के बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा संबंधी विवादों के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाने की खबरें सामने आई है। यह पूरे देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक स्थिति है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की है।




#### युवाओं को करेंगे जागरूक

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस द्वारा बताया गया कि राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे छात्रों की गूंज अभियान को लेकर कांग्रेस कमेटी प्रोजेक्टर के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचकर इस अभियान के तहत युवाओं को जागरूक करेगी।

#### पेपर लीक होना दुर्भाग्यजनक

*जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार न्यू इंडिया, डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाना दुर्भाग्यजनक है, जो चिंता का विषय भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी।*

#### कड़ी कार्रवाई करने मांग

*प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा कराने तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि देश के भविष्य का आधार है, जब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं, तब केवल विद्यार्थियों का नहीं, बल्कि पूरे देश का विश्वास कमजोर होता है। सरकार को पेपर लीक और परीक्षा माफियाओं के खिलाफ केवल बयान देने के बजाय कठोर एवं उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कार्रवाई करनी चाहिए। परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जाना चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।*

# पीएमश्री विद्यालयों में एआई आधारित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान व तकनीक से जोड़कर भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जिले के चार पीएमश्री विद्यालयों खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और जालबांधा में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, थ्री-डी प्रिंटिंग, थ्रीडी पेन आधारित नवाचारों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक तकनीकों के सिद्धांतों के साथ-साथ उनके उपयोग व वास्तविक जीवन में महत्व से भी अवगत कराया। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न तकनीकी उपकरणों का स्वयं संचालन कर सीखने का अनुभव प्राप्त किया।



#### विद्यार्थियों ने सीखी आधुनिक तकनीक

*कार्यशाला के दौरान रोबो सॉकर, रोबो रेस, ड्रोन डेमो की तकनीकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसने विद्यार्थियों में विज्ञान व नवाचार के प्रति विशेष उत्साह का संचार किया। छात्रों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध नए अवसरों तथा नवाचार आधारित सीखने की प्रक्रिया से परिचित कराया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल व डीईओ मुकुल केपी साव के मार्गदर्शन में किया गया। दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर की उपस्थिति सामपन हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला और नवाचार आधारित शिक्षा को समय की आवश्यकता बताया। कार्यशाला संचालन में कमल चंदेलकर, विकास चंदेलकर, प्रमोद निषाद, अमितेश हरसुख का विशेष योगदान रहा। प्राचार्यों ने भी इस पहल को विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता बताई।*

### सोलर दीदी बनकर महिलाएं निभाएंगी भूमिका

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार व जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आज जिपं सभा कक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी व सफल क्रियांवयन के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षक मनीष अग्रवाल, राहुल डांगे व अनिल कुमार द्वारा योजना के विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों से उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं सदस्यों को सोलर दीदी के रूप में कार्य करने प्रेरित करते हुए उन्हें योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, पात्र हितग्राहियों को मार्गदर्शन देने, आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करने सहित योजना के सफल क्रियांवयन में सक्रिय भूमिका निभाने के प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि सोलर दीदी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ व नवीकरणीय ऊर्जा के प्रसार की महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगी। योजना के माध्यम से उन्हें अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान कार्यपालन अभियंता आलोक कुमार दुबे सहित विद्युत विभाग के समस्त सहायक व कनिष्ठ अभियंता सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण मे शामिल प्रतिभागियों से अपने-अपने ग्रामों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने और प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का भरोसा दिया।



# राजगामी संपदा न्यास से रथयात्रा के लिए मिला एक लाख का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के प्रथम जगन्नाथ मंदिर के रूप में प्रसिद्ध ब्लाक के पांडादाह स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा धूमधाम से मनाने राजगामी संपदा न्यास राजनंदगांव ने मंदिर सेवा समिति को एक लाख का अनुदान दिया।

राजगामी कार्यालय में उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने समिति अध्यक्ष पंडित मिहिर झा व कोषाध्यक्ष सतेंद्र साहू को लेखापाल एबीडी खान सहित अन्य की उपस्थिति में एक लाख का चेक सौंपा। समिति अनुसार रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और सुभद्रा भक्तजनों के कंधों पर विराजमान होकर मंदिर परिसर की परिक्रमा करेंगे। इस दौरान भक्तगण गुलाब के फूलों की वर्षा करेंगे। मेला प्रांगण में हरियाणा से आए भक्तगणों द्वारा विशेष पूरी-हलवा भंडारा आयोजित किया गया है। आध्यात्मिक मान्यता है कि रथ यात्रा के दिन परिक्रमा में निकले भगवान जगन्नाथ के समक्ष मांगी मनोकामना पूरी होती है। इसी आस्था के चलते आसपास के 40 गांवों के लोग रथ यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी मनोकामना पूरी कराने आते हैं।



#### मांस मदिरा दुकान बंद कराने दिया ज्ञापन

*पर्व की पवित्रता बनाए मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपकर रथ यात्रा के दिन आसपास की मांस-मदिरा की दुकानें बंद कराने की मांग की। कलेक्टर ने समिति की मांग पर उचित आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है।*

## सार समाचार

### बाजार चौक में शेड निर्माण के लिए 20 लाख स्वीकृत



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने हालिया सुरगी प्रवास के दौरान ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर शनिवार बाजार चौक में शेड निर्माण की घोषणा की गई थी। उनकी इस घोषणा पर त्वरित अमल करते जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से शेड निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 8 लाख रुपए भी जारी कर दिए गए हैं। स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत सुरगी के शनि बाजार चौक में शेड का निर्माण कराया जाएगा। जिससे साप्ताहिक बाजार में आने वाले व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को धूप, बारिश और अन्य मौसम संबंधी असुविधाओं से राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इस सौगात के लिए डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि उन्होंने स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग को शीघ्र पूरा करने की दिशा में प्रभावी पहल की है।

### नांदगांव में इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैम्पियनशिप

**राजनांदगांव।** कस्तूरबा स्कूल में सोमवार को एक दिवसीय इंटर डिसट्रिक्ट कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में



बॉडी टेक कराटे अकादमी के 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते पदक हासिल कर अकादमी एवं जिले का नाम रोशन किया। डबल इवेंट में वर्णिका साहू ने दो गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं प्रकृति साव ने एक गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल हासिल किया। उल्लेखनीय है कि प्रकृति साव पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अनेक पदक जीत चुकी है और लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। निरोसा वर्मा ने एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अनंत तिवारी ने एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि विराज साहू ने दो ब्रॉज मेडल अपने नाम किए। सिंगल इवेंट में वरुण खंडेलवाल ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अपेक्षा तिवारी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सृष्टि नायक ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जबकि अनन्या शाह ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सराहनीय प्रयास किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कोच श्री दीक्षित, जिला जिम एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित अजमानी एवं रुचिका अजमानी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृत की गई है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी-तूफान से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, आंधी व तूफान व वर्षा होने के कारण विद्युत खंभे व तार चारागाह में गिरने से 14 गाय मृत होने पर 5 लाख 25 हजार रुपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृत की गई है।

### 17 कब्जाधारी परिवारों ने जमा की राशि

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अपने घर के सपने को साकार करने के उद्देश्य से राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में बहुमंजिला आवासों का निर्माण किया गया है। इसी क्रम में लखोली स्थित आवासीय परिसर में निर्मित 304 आवास पात्र हितग्राहियों को आबंटित कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा लखोली आवास परिसर के 180 आवासों में अवैध रूप से कब्जा कर निवास कर रहे लोगों को लगातार नोटिस जारी कर आवास रिक्त करने कहा जा रहा है। साथ ही वास्तविक जरूरतमंद एवं निवासरत गरीब परिवारों को शासन के नियमों में उपलब्ध शिथिलता का लाभ प्रदान करते निर्धारित स्वीकृति राशि जमा कर वैध रूप से आवास प्राप्त करने प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा नियमों में दी गई शिथिलता के तहत अब तक 17 कब्जाधारी परिवारों ने अग्रिम किश्त की निर्धारित राशि जमा कराई है तथा आवास का आबंटन होने के बाद शेष राशि किश्तों में जमा करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। इसी प्रकार अन्य कब्जाधारी परिवारों ने भी राशि जमा कर आबंटन प्राप्त करने सहमति व्यक्त की है। अपात्र एवं सहमति प्रदान नहीं करने पर संबंधित परिवारों को नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।


### पुरोहित संघ ने की सीबीआई जांच की मांग

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी आकाश शर्मा एवं अभिषेक चौबे ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी



कर बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावे और दान राशि के प्रबंधन में रामजन्म भूमि ट्रस्ट द्वारा भारी लापरवाही बरती गई। जिसके फलस्वरूप दानपेटी से प्रतिदिन 6 से 8 लाख तक प्रतिदिन चोरी की गई है। जांच दल के अनुमान के अनुसार अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि आस्था के केन्द्र पर सुनियोजित तरीके से भारी तादाद में चोरी की गई है तथा जिसकी पुरोहित संघ कड़ी शब्दों में निंदा करता है तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी दंड देने की मांग की है। उक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना की संपूर्ण जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। पुरोहित संघ के प्रदेश सचिव शिवेंद्र वैष्णव ने कहा कि धार्मिक आस्था पर चोंट पहुंचाने वाले पर कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के घृणीत कार्य न कर पाए। प्रदेश संगठन सचिव डोमन महाराज ने बताया कि भारत के सभी वैष्णव सनातनियों हिन्दूओं के धर्मस्थली श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जो हमारे आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहां पर चोरी के उक्त कृत्य से हिन्दुओं की आस्था भारी चोंट पहुंची है। पुरोहित संघ उक्त घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया तथा जांच कर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## निधन



### शारदा देवी गुप्ता

**राजनांदगांव।** गुडाखू लाइन निवासी श्रीमती शारदा देवी गुप्ता पति स्व. रामगोपाल गुप्ता का 6 जुलाई को 85 वर्ष की उम्र में सोमवार सुबह 10 बजे निज निवास में निधन हो गया। वह स्थानीय शारदा मेटल स्टोर के संचालक श्याम कुमार गुप्ता व राजकुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



### जयशंकर पांडेय

**डोंगरगढ़।** दुर्गा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी पंडित जयशंकर पांडेय का 80 वर्ष की आयु में सोमवार तड़के 2.30 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रायपुर में उपचाररत थे। सोमवार को छीरपानी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 19 एटीएम कार्ड, 5 बैंक पासबुक जब्त

# बारह हजार महीने में दिया बैंक खाता डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ऑनलाइन सट्टा गेम से जुड़े चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। चार महीना पहले मुंबई में कारोबार करने के बाद आरोपी यहां से ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे थे। महज बारह हजार रुपए मासिक किराया में म्यूल खाते लेकर करोड़ों के लेन- देने का पता चलने के बाद पुलिस ने गंभीरता से तफ्तीश की तो सारे राज खुलते चले गए।

मामले की जानकारी देते एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल व एनसीआरबी से मिली सूचना के आधार पर छुईखदान थाना पुलिस द्वारा ऐसे बैंक खातों की जांच की गई। जिनमें असामान्य रूप से अत्याधिक संख्या में वित्तीय लेन-देन और बड़ी मात्रा में धन राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। जांच के दौरान संबंधित खाताधारकों से पूछताछ कर बैंक खातों के ट्रांजेक्शन का विस्तृत परीक्षण किया गया। इस दौरान छुईखदान के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा के खाताधारक दीपक निर्मलकर के बैंक खाते में देश के विभिन्न राज्यों से ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी व साइबर फ्रॉड से संबंधित लगभग 1 करोड़ 69 लाख 32 हजार 368 रुपयों का लेन-देन होना पाया गया।



#### चार आरोपी गिरफ्तार

आनलाईन सट्टा से जुड़े इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

लक्ष्य विनोद शर्मा, एसपी

#### मुंबई छोड़ खम्हरिया से हो रहा था संचालन

मामले से जुड़े चारो आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले लगभग दो साल से फेयर प्ले, रेड्डी अन्ना, जयराम और शिवा बुक जैसे ऑनलाइन गेमिंग/सट्टेबाजी एप्लीकेशनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन सट्टेबाजी व गेमिंग नेटवर्क संचालित कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न बैंक खातों का उपयोग अवैध धनराशि के लेन-देन के लिए किया जाता था। प्रकरण में अलग-अलग बैंकों के 19 नग एटीएम कार्ड, 5 बैंक पासबुक, 14 नग मोबाइल फोन और 01 नग लैपटॉप जब्त किया गया। वहीं जब्त खातों में से बचे 5 लाख रुपए को फ्रिज कराया जाएगा। दीपक पिता दीनूराम निर्मलकर 20 साल नवागांव लोधी थाना छुईखदान, राहुल पिता विजय जंघेल 23 साल मैनहर छुईखदान, राहुल पिता बसंत देवांगन 25 साल बजरंग चौक धरसींवा रायपुर और विजय पिता डोमनराम साहू 22 साल गगरिया खम्हरिया सहसपुर लोहारा के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2) बीएनएस व 66(डी) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर चारो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

#### खाताधारक को 12 और काम करने वालों को मिलता था 25 हजार

जांच दौरान साइबर पुलिस संबंधित बैंक से ट्रांजेक्शन का विवरण लिया। वहीं खाताधारक दीपक निर्मलकर ने भी पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपना बैंक खाता राहुल जंघेल को 12 हजार प्रतिमाह किराये पर उपलब्ध कराया था। राहुल जंघेल ने बताया कि दीपक के उक्त खाते का उपयोग महाराष्ट्र के मुंबई स्थित पलावा सिटी में किराये के फ्लैट से संचालित ऑनलाइन गेमिंग व साइबर फ्रॉड गतिविधियों में किया जाता था। विभिन्न राज्यों के लोगों से धोखाधड़ी से प्राप्त राशि इन खातों में जमा कराई जाती थी। राहुल जंघेल ने यह भी बताया कि पूरे ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क का संचालन राहुल देवांगन द्वारा किया जाता था, जो नेटवर्क से जुड़े लोगों को लगभग 25 हजार रुपए हर महीने वेतन देता था। पूछताछ में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी का संचालन स्वीकार करते राहुल ने बताया कि लगभग चार महीने पहले लगातार आर्थिक नुकसान होने के कारण मुंबई से अपना संचालन बंद कर दिया और सभी आरोपी अपने-अपने गृह जिलों मे वापस आ गए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वर्तमान में आरोपी विजय कुमार साहू गगरिया खम्हरिया में रहकर अकेले ऑनलाइन गेमिंग एवं सट्टेबाजी नेटवर्क का संचालन कर रहा था।

### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे आयोजित विशेष पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। शासन के इस जनहित अभियान में अग्रवाल समाज ने सक्रिय सहभागिता निभाते जनजागरूकता एवं सेवा कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। जिससे आम जनता को दोहरी सुविधा का लाभ मिला।

कार्यक्रम में वार्ड क्र. 26 के पार्षद झमीत नादान सेन, वार्ड क्र. 27 के पार्षद राजेश जैन (रानू), अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सचिव अशोक लोहिया, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष संतोष राजेंद्र अग्रवाल, स्वाति राहुल अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष राहुल लोहिया सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर शरद अग्रवाल, संजय लोहिया, प्रतीक अग्रवाल, दिनेश जिंदल सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अभियान के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**राजनांदगांव।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जुलाई को प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके परिचित अरमान खान, पी. ललित एवं तेजकरण भट्ट ने दिग्विजय क्लब नगर निगम के पास शराब पीने हेतु पैसे की मांग की। पैसे देने से मना करने पर तीनों आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी तथा लोहे का पाईप, डंडे एवं लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अंतर्गत धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

#### लोहे का पाइप, डंडा व आटो जब्त

पुलिस के अनुसार 6 जुलाई को तीनों आरोपी अरमान खान 30 वर्ष पेंड्री, पी. ललित 44 वर्ष एवं तेजकरण भट्ट 46 वर्ष चिखली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाईप, डंडा एवं ऑटो को जब्त किया गया।

#### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई।

## भटकी वृद्धा को पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम हल्दी के ग्रामीणों द्वारा 6 जुलाई को थाना बसंतपुर में सूचना दी गई कि लगभग 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला लगातार बारिश में भीगते हुए एवं ठंड से कांपती हुई ग्राम हल्दी के सामुदायिक भवन के पास बैठी हुई है।

सूचना पर बसंतपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वृद्ध महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। पुलिस ने मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते महिला के लिए नई साड़ी उपलब्ध कराई, जिसे महिला स्टाफ की सहायता से पहनाया गया। इसके साथ ही उन्हें भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई।

#### भटककर आ गई थी

पूछताछ के दौरान वृद्ध महिला ने अपना नाम पुसईबाई जोगी पति स्व. समोलिया जोगी 75 वर्ष निवासी ग्राम सोनेसरार थाना खैरागढ़ बताया। इसके पश्चात थाना बसंतपुर पुलिस ने ग्राम सोनेसरार के कोटवार से संपर्क कर महिला की पहचान की पुष्टि की। जांच में पता चला कि वृद्ध महिला पिछले कुछ दिनों से अपने घर से निकलकर इधर-उधर भटक रही थी।

#### परिजनों को किया सुपुर्द

घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में वृद्ध महिला पुसईबाई जोगी को सकुशल उनके परिजनों बहू श्रीमती रामदुलारी जोगी एवं नाती अनोज जोगी के सुपुर्द किया गया।

## मुखर्जी के नाम पर होगा नए बस स्टैंड का नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक की जन्म जयंती पर आयोजित संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में नगर के विकास और राष्ट्र पुरुषों के सम्मान को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की गई। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा रखे गए प्रस्ताव को अत्यंत गंभीरता से सुना और तत्काल घोषणा करते कहा कि राजनांदगांव के नवीन बस स्टैंड का नाम पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने तथा वहां उनकी भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विषय पर मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्ताव रखकर उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से इसे मूर्त रूप दिया जाएगा।

महापौर श्री यादव ने कहा कि पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके नाम पर नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल का नामकरण एवं प्रतिमा स्थापना राजनांदगांव के लिए गौरव का विषय होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि नवीन बस स्टैंड प्रतिदिन हजारों नागरिकों और यात्रियों का प्रमुख केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल का नाम पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखे जाने से उनके विचारों एवं राष्ट्रवादी आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। महापौर श्री यादव की घोषणा का स्वागत करते विश्वास व्यक्त किया कि सीएम विस अध्यक्ष के सहयोग से यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव शीघ्र साकार होगा।






### सहकारिता सप्ताह के समापन पर जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

# सहकारिता बनेगी किसानों की समृद्धि का नया आधार: विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित सहकारिता सप्ताह का समापन पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी के साथ हुआ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने की, जबकि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 08 किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण, मछली कीट प्रदान किया। कार्यक्रम में निबंध, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता में 15 विजेता बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहकारिता सप्ताह का समापन किसी अभियान का अंत नहीं, बल्कि नए संकल्प और नई शुरुआत का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज हमें सहकारिता को नई दिशा देने का संकल्प लेना होगा और इसे केवल पारंपरिक गतिविधियों तक सीमित न रखकर बहुआयामी विकास का मजबूत माध्यम बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता का वास्तविक अर्थ है, सभी लोगों का एकजुट होकर साझा उद्देश्य के लिए कार्य करना। आज सहकारिता के माध्यम से धान उपार्जन और बैंकिंग जैसी व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे कोल्ड स्टोरेज, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, गैस एजेंसी संचालन तथा अन्य रोजगारमूलक गतिविधियों तक भी विस्तारित किया जाए। इससे किसानों और ग्रामीणों की आय बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में पहले 90 सहकारी समितियां थीं, लेकिन अब 40 नई समितियों के गठन के बाद उनकी संख्या बढ़कर 138 हो गई है।

उन्होंने कहा कि आज महान शिक्षाविद् और राष्ट्रचिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भी है। इसी ऐतिहासिक तिथि पर भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित करना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में सहकारिता की भावना स्वाभाविक रूप से मौजूद है। बस्तर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां लोग मिल-जुलकर अनेक कार्य करते हैं, जो सहकारिता की सशक्त मिसाल है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम का शक्कर कारखाना भी सहकारिता मॉडल की सफलता का उदाहरण है। गुजरात के बनासकांठा के अनुभव साझा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि वहां सहकारिता के माध्यम से दुग्ध उत्पादन के साथ कई मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किए जाते हैं और उसका लाभांश सभी सदस्यों में वितरित होता है। उन्होंने किसानों से सहकारिता को बहुआयामी जनआंदोलन बनाकर नए क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



#### सरकार सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही: सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सहकारिता का अर्थ है, साथ मिलकर कार्य करना और एक-दूसरे का सहयोग करना। उन्होंने कहा कि भारत के गांवों में प्राचीन काल से ही सहकारिता की भावना जीवंत रही है। गांवों में सुख-दुख, खेती-किसानी और सामाजिक कार्यों में लोग हमेशा मिलकर एक-दूसरे का साथ देते आए हैं, यही सहकारिता की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद इस क्षेत्र को नई दिशा और गति मिली है तथा आज मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी सहकारिता के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

#### छग को धान का कटोरा किसानों की मेहनत ने बनाया: भावना

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा किसानों की मेहनत और समर्पण ने बनाया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता की वास्तविक ताकत और महत्व को सबसे बेहतर किसान ही समझते हैं। सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद इस क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है और यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि जनभागीदारी का सशक्त आंदोलन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र को अलग पहचान मिलने से उसके विकास के नए अवसर खुलते हैं। सहकारिता के माध्यम से आज पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अनेक आजीविका आधारित गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

## महली-दुल्लापुर, रेंगाबोड़-खमरिया व अखरा-कुण्डा मार्ग जर्जर, बढ़ी परेशानी

- ग्रामीणों ने बरसात में तत्काल मरम्मत कार्य की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के महली, दुल्लापुर, रेंगाबोड़, खमरिया, अखरा से कुण्डा तक जाने वाला सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं और लगातार बारिश के कारण मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है। सिंगल रोड होने के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग महली, कुण्डा और पंडरिया को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। कुण्डा के हाई स्कूल एवं कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से होकर आते-जाते हैं। इसके अलावा 108 और 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी इसी सड़क से गुजरते हैं, जिससे मरीजों और अन्य जरूरतमंद लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बरसात के चार महीनों के दौरान आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए सड़क पर तत्काल गिट्टी, मुरूम और बजरी डलवाकर अस्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



#### पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण कार्य की मांग

**कवर्धा।** नगर के शिक्षक कॉलोनी वार्ड क्रमांक-8 के मार्ग क्रमांक-4 में पक्की नाली के अभाव में लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब पांच वर्ष पहले यहां सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं होने से घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सीसी सड़क बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमने की सुविधा तो मिली, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़क अब नाली का रूप ले चुकी है। बारिश के दिनों में सड़क पर पानी जमा होने और गंदा पानी बहने से दुर्गंध फैल रही है। वहीं फिसलन बढ़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। वार्डवासी सीएस ध्रुव, पिताम्बर चंद्रवंशी, ऋषि चंद्रवंशी, अवधेश देवांगन, निलेश सिन्हा, कुवर कौशिक और भाना ध्रुवे ने बताया कि बरसात शुरू होने से पहले ही समस्या को देखते हुए नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के नाम लिखित आवेदन देकर पक्की नाली निर्माण की मांग की गई थी। आवेदन दिए करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो कोई सर्वे किया गया और न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ।

### खबर संक्षेप

#### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना: आवेदन की तिथि बढ़ाई गई

**कवर्धा।** पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन 3 जुलाई तक आमंत्रित किए गए थे, जिसे अब बढ़ाकर 12 जुलाई कर दिया गया है। निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

### निधन

#### सुभाष जायसवाल

**कवर्धा।** ग्राम सैगोना निवासी सुभाष जायसवाल (28) का सोमवार सुबह निधन हो गया।



स्व.सुभाष जायसवाल वन विकास निगम में कार्यरत थे। वे रमेश जायसवाल के पुत्र व नत्थू जायसवाल के पौत्र थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं स्व. श्री जायसवाल का अंतिम संस्कार लोहारा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि में परिवार, समाज व बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## निर्माण कार्यों का जायजा लेने सीईओ ने ग्राम पंचायतों का किया सघन दौरा

- बिरकोना, घुघरी-कला व धरमपुरा पहुंच कर विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत देखने सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, पशु शेड, सैंड फिल्टर बोरवेल रिचार्ज पिट एवं स्टॉप डैम जैसे अनेक कार्यो को देखकर मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसियों एवं तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम पंचायत घुघरीकला में महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित चेक डैम कार्य का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली गई।

चेक डैम में सिंचाई के लिए पानी रोकने हेतु गेट लगाने के लिए निर्देश दिए गए जिससे कि कार्य का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत बने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य घुघरीकला में निरीक्षण के दौरान भवन के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, प्लिंथ के नीचे सीलन को रोकने के लिए पानी निकासी की व्यवस्था एवं निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जनपद पंचायत कवर्धा को कहा गया कि ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहित कर समूह से जोड़ते हुए उन्हें आजिविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़े।

ग्राम पंचायत बिरकोना में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का अवलोकन कर ग्रामीणों को हो रहे लाभ की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से नगदी आहरण के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि शासन की प्रमुख योजनाएं जैसे महतारी वंदन योजनाए विभिन्न पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास की राशि सहित अन्य दस्तावेज गांव में ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को मिलेंगे तथा इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।



#### लापरवाही बरतने पर की जाएगी कार्रवाई

*जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल ग्राम पंचायत धरमपुरा पहुंचकर पशु शेड का निरीक्षण किया। हितग्राही के पास उपलब्ध पशुओं की जानकारी ली गई तथा दूध व्यवसाय से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी लेकर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने प्रोत्साहित किया। सैंड फिल्टर बोरवेल रिचार्ज स्पीड का निरीक्षण करते हुए मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक बोरवेल को रिचार्ज पिट के माध्यम से जोड़ा जाए जिससे पानी की उपलब्धता निरंतर बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कवर्धा को निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही गई।*

## डॉ. श्यामा प्रसाद की 125वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी एवं कश्मीर की एकता के लिए बलिदान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती आज भाजपा मंडल कुण्डा व दामापुर ग्राम में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

मुख्य वक्ता के रूप में जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने डॉ मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर उन्होंने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की कोशिश करने वालों के मनसूबे में पानी फेरते हुए देश के अहम हिस्सा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ही अथक प्रयास है जिसके कारण पश्चिम बंगाल आज भारत का हिस्सा है, अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे का भाव जगाने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी है जिन्हें आज भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सार्थक करते हुए समाज में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है, चाहे जन-धन योजना, उज्जवला योजना, महतारी वंदन योजना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत, शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा अंतिम पंक्ति में खड़े आदमी को सीधा लाभ मिल रहा है। यह श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ही सपनों का भारत है जिन्हें नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अंतिम व्यक्ति को लाभ पंहुचा कर पूरी की जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलेश्वर चंद्राकर, मोहन साहू, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा साथी गण उपस्थित थें।



## स्वतंत्रता सेनानी अमरदास को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम द्वारा शहीद पार्क (सिग्नल चौक) में मासिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीदों की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा देशभक्ति का संदेश दिया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने बताया कि दिसंबर 2025 से जारी यह आठवां श्रद्धांजलि कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से परिचित कराना है। कार्यक्रम में गुरुप्रसाद शर्मा ने बताया कि उनके नाना स्वतंत्रता सेनानी स्व. अमरदास ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 1932 में उन्हें रायपुर सेंट्रल जेल भेजा गया, जबकि 1941 में पुनः गिरफ्तार कर नागपुर सेंट्रल जेल में नौ माह तक रखा गया, जहां उन्हें मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना सहनी पड़ी। आजादी के बाद उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ नरेश कुमार यदु, इंजीनियर एसएस जैन, सियाराम महोबिया, महेश महोबिया, गुरुप्रसाद शर्मा, प्रभाकर शुक्ल सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थें।

## रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परिसर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 6 तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 2 सीटें उपलब्ध हैं। पात्र छात्राएं निर्धारित आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित 7 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

### स्वच्छता के व्यवहारगत परिवर्तन के संबंध में कर रहे जागरूक

## घर-घर पहुंच रहा 4 डिब्बा स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के स्वच्छ छत्तीसगढ़ अभियान के तहत तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, स्वस्थ एवं टिकाऊ ग्रामों का निर्माण करना है।

जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम गांव-गांव, घर-घर और गली-गली पहुंचकर लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 तथा स्वच्छता के व्यवहारगत परिवर्तन के संबंध में जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान स्वच्छता दीदियों के सहयोग से ग्रामीणों को गीले, सूखे, हानिकारक एवं विशेष कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण और वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने की जानकारी दी जा रही है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर में चार डिब्बों की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ग्रामीणों को गीले कचरे के लिए हरा, सूखे कचरे के लिए नीला, सेनेटरी कचरे के लिए लाल चिन्हित तथा हानिकारक कचरे के लिए काला डिब्बा रखने की समझाइश दी जा रही है, ताकि स्त्रोत स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित हो सके। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की टीम द्वारा बताया जा रहा है कि 15 जुलाई 2026 से स्वच्छता दीदियां घर-घर जाकर अलग-अलग कचरे का संग्रहण करने के साथ इसकी नियमित निगरानी एवं सत्यापन भी करेंगी। नागरिकों से इस व्यवस्था को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की जा रही है।



ग्रामीणों को यह भी बताया जा रहा है कि खुले में कचरा फेंकने पर ग्राम पंचायत द्वारा 500 रुपये से 5,000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान लागू किया जाएगा। वहीं, जैविक कचरे से खाद तैयार करने के लिए वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान घरों एवं सामुदायिक स्तर से निकलने वाले ग्रे वाटर के सुरक्षित निपटान के लिए सोखता गड्ढों के निर्माण तथा ब्लैक वाटर के समुचित प्रबंधन हेतु सेप्टिक टैंक के साथ सोखता गड्ढा बनाने की जानकारी दी जा रही है।



## खबर संक्षेप

### जयंती पर पशुवध एवं मांस बिक्री निषिद्ध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 04 सितंबर को श्री कृष्ण जनमाष्टमी, 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 22 सितंबर को ढोल ग्यारस, 25 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, 08 नवंबर को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ढोल ग्यारस, अनन्त चतुर्दशी, गांधी जयंती, भगवान महावीर निर्वाण दिवस एवं गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

### प्रवेश परीक्षा का परिणाम किया गया जारी

**कवर्धा।** । मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, कबीरधाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई 2026 को किया गया था। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कबीरधाम के कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। यदि किसी विद्यार्थी अथवा अभिभावक को परीक्षा परिणाम के संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वे 09 जुलाई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कबीरधाम में लिखित रूप से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिले में 135.7 मिमी की गई दर्ज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 135.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 137.6 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 81.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 147.2 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 119.2 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 73.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 77.7 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 291.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 157.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 06 जुलाई की स्थिति में पिछले चौबीस घंटे में जिले में 38.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 25.0 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 19.3 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 41.4 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 33.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 25.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 40.9 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 88.8 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 33.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**कवर्धा।** कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रदत्त डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए वर्ष 2026 के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक कृषक 31 जुलाई 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप संचालक कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में अंतिम तिथि तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ अधिकतम दो पृष्ठों की सफलता की कहानी तथा संबंधित छायाचित्र एवं वीडियो की सीडी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# समस्या: वनांचल क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बीते चार दिनों से ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत बैगा आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्रामों में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच बीते चार दिनों से ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। इससे प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को न केवल भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनका दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो गया है।

इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के साथ-साथ शासन, प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश और नाराजगी देखी जा रही है। बताया जाता है कि विकासखंड पंडरिया के कुई विद्युत सब-स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम दमगढ़, नेउर, कुशयारी, बासा टोला, बदना, कौआनार, घोघरा, अमनिया, अमली टोला, आमा टोला, बांगर, रहीदाढ़, बाहपानी, धूड़सी, सेमराटोला सहित दर्जनों गांवों में बीते चार दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

इससे पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कभी अमेरा फीडर से तो कभी कुई सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

आलम यह है कि लगातार हो रही बारिश के बीच वनवासियों को जंगली जानवरों, जहरीले कीड़े-मकोड़ों तथा अन्य संभावित खतरों के बीच चिमनी और मोमबत्ती के सहारे रात गुजारनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुई सब-स्टेशन अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में वर्षाकाल के दौरान सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के नाम पर घंटों बिजली बंद रखकर मेंटेनेंस कार्य किया गया था। उस समय लोगों को उम्मीद थी कि बारिश के मौसम में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि कथित मेंटेनेंस कार्य के बावजूद क्षेत्र के कई गांवों में पिछले चार दिनों से लगातार ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। इसके बावजूद विभाग इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है।



### ब्लैक आऊट से शिक्षक भी परेशान

वनांचल क्षेत्र में ब्लैक आऊट होने का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक भी भुगत रहे हैं। बताया जा रहा है कि बिजली के आभाव में शिक्षकों का ऑनलाइन कार्य नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार बिजली से जुड़े दुकानदारों का कामकाज भी ठप पड़ गया। च्वाईस सेंटर बंद होने से ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने के कारण कई ग्रामों में पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कुल मिलाकर बिजली के आभाव में इन दिनों कुई विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले कई ग्रामों के ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यवस्त हो गया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी अपने उपभोक्ताओं की समस्याओं से बेपरवाह

हद तो ये है कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक और क्षेत्र के वरिष्ठ सांसद के गृह जिले के विद्युत विभाग को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि दर्जनो ग्रामों में बीते चार दिनो से बिजली आपूर्ति ठप है और लोग आदिम जीवन जीने मजबूर हो गए है। इस स्थिति में यही लगता है कि विद्युत विभाग पूरी तरह से बेलगाम हो चुका है। जिस पर शासन, प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का कोई नियंत्रण नहीं है।

**समस्या:** कई गांवों में जलभराव, ग्रामीण सड़कों पर आवागमन बाधित

# तीन दिनों से कवर्धा सहित अंचल में लगातार बारिश, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा सहित जिलेभर में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है, वहीं दूसरी ओर कई गांवों में जलभराव, सड़कें कीचड़ से लथपथ होने और आवागमन बाधित होने जैसी समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के कई नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बरती जा रही है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम नेवारी में रविवार रात से सोमवार पूरे दिन तक लगातार बारिश होने से बस्ती के साथ-साथ कई घरों में भी पानी घुस गया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से नाली निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं बनाई गई। इसके कारण हर वर्ष बरसात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार बारिश के चलते जिले के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़कों पर आवागमन प्रभावित हो गया है। जिन गांवों तक पक्के पहुंच मार्ग नहीं हैं, वहां रास्ते पूरी तरह कीचड़ से भर गए हैं। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले ग्रामीणों को काफी कठिनाई उठानी पड़ रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार समय पर हुई अच्छी बारिश धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है। जिले के अधिकांश किसान इस बारिश को खेती के लिए शुभ संकेत मान रहे हैं। हालांकि निचले इलाकों में जलभराव बढ़ने से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है।







### नेवारी के घरों तक पहुंचा पानी

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम नेवारी में लगातार बारिश के कारण बस्ती के कई हिस्सों में पानी भर गया। कुछ घरों में भी पानी घुसने से लोगों को घरेलू सामान सुरक्षित स्थानों पर रखना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नालियों के अभाव में हर वर्ष यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। जबकि वे शासन-प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों से लगातार व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग करते आ रहे हैं।

### कच्ची सड़कें कीचड़ से लथपथ

जिले के वनांचल और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मार्गों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। भारी बारिश के चलते कई रास्ते फिसलन भरे हो गए हैं। जिन गांवों तक पक्की सड़कें नहीं पहुंची हैं, वहां ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सतर्क रहने तथा अनावश्यक रूप से जलमग्न मार्गों से गुजरने से बचने की अपील की है।

# 26 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स. लोहारा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 25 पौवा देशी शराब तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि शांतिनगर स.लोहारा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से अवैध धन अर्जित करने की नियत से शराब रखकर मोटर सायकल मे परिवहन कर रहा है। इस सूचना पर रेड कार्यवाही कर स. लोहारा पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी मंथीर सोनवानी पिता मोहन सोनवानी आयु 35 वर्ष निवासी ढोढमा नवापारा थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम को दबोचकर उसके कब्जे से सफेद रंग प्लास्टिक थैला में 25 पौवा देशी मंदिरा प्लेन शराब शोले कंपनी का कुल 4.500 बल्क लीटर किमती 2000 रूपए की शराब तथा नगदी 500 रूपए और शराब तस्करी में प्रयुक्त एक नग फैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09-जेसी-3032 किमती 20000 रूपए कुल जुमला किमती 22500 रूपए को जप्त किया गया।

आरोपी का कृत्य धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट का पाए जाने पर थाना स. लोहारा मे अपराध क्रमांक 91/26 धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर मामला जमनतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# कवर्धा नगर के 213 हितग्राहियों ने कराया पट्टा के लिए पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में आवासहीन परिवारों को पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज पंजीकरण किए जाने के लिए वीर सावरकर भवन एवं ठाकुर पारा स्थित सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है।



शिविर में पहुंचकर 213 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया। सभी हितग्राहियों को शासन द्वारा चाही गई आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करने को कहा एवं दिनांक 09 जुलाई से डोर-टू-डोर जाकर लोगों के दस्तावेज का सत्यापन कर शासन की योजना का लाभ दिलाया जायेगा।

नगर पालिका क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के तहत पात्र परिवारों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा 30 वर्षों के लिए प्रदान किया जाना है। आवासहीन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

दिनांक 09 जुलाई से 10 अगस्त तक नगर पालिका क्षेत्र में प्रस्तावित पट्टा सर्वे अभियान में सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जायेगा। शासन की मंशा के अनुरूप पात्र एवं आवासहीन परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# लोहारा में विखं स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन, विधायक ने बांटी शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

विकासखंड सहसपुर लोहारा स्थित अंबेडकर भवन में सोमवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं।




उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं अध्ययन सामग्री वितरित कर आत्मीय स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा कि बच्चों के चेहरे की मुस्कान ही हमारे उज्ज्वल कल की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उसे अपने सपनों को साकार करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हों।

उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रखने का अभियान है। इसके माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास का संचार होता है। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई तथा अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, मनोज वैष्णव, लोहारा मंडल अध्यक्ष लाला साहू, धरमपाल कौशिक सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**कटाव से पुल की नींव कमजोर, पंचायत कर रही मलबा डालकर खानापूर्ति**

# चिल्फी का पुल जर्जर, संपर्क टूटने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

लगातार हो रही बारिश ने चिल्फी ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 17 और 18 को जोड़ने वाले एकमात्र पुल की स्थिति गंभीर बना दी है। पुल के दोनों ओर तेज कटाव होने से उसकी नींव कमजोर पड़ने लगी है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने पंचायत पर तकनीकी मरम्मत कराने के बजाय पुराने भवन के टूटे ईंट-पत्थर और मलबा डालकर केवल खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन से पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कर स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार चिल्फी, लोहारा टोला सहित आसपास के गांवों के लोगों के लिए यही पुल आवागमन का मुख्य मार्ग है। प्रतिदिन छात्र-छात्राएं, किसान, मजदूर और अन्य ग्रामीण इसी रास्ते से आवाजाही करते हैं। लगातार बारिश के कारण पुल के दोनों किनारों की मिट्टी बह गई है, जिससे सड़क के नीचे खाली जगह बन गई है। इसके चलते भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की मरम्मत की मांग को लेकर कई बार ग्राम पंचायत को अवगत कराया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया।

उनका आरोप है कि तकनीकी मरम्मत के बजाय पुराने भवन का मलबा डालकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। बारिश के तेज बहाव में वह मलबा भी बहने लगा है और पुल के आसपास कटाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश जारी रही तो पुल का एक हिस्सा धंस सकता है। ऐसी स्थिति में वार्ड क्रमांक 17 और 18 के बीच संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा और लोगों को कई किलोमीटर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ेगा।

### आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने एक रास्ता



ग्रामीणों ने बताया कि इसी पुल से होकर बच्चे स्कूल जाते हैं, मरीज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं और किसान अपनी उपज लेकर बाजार आते-जाते हैं। पुल के और क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को उठानी पड़ेगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में भी आवागमन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

### तकनीकी निरीक्षण और नए पुल निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत से पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर स्थायी मरम्मत कराने तथा नए पुल का निर्माण शीघ्र शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में चिल्फी सरपंच जागेश दास मानिकपुरी ने बताया कि नए पुल के निर्माण के लिए जिला पंचायत स्तर पर प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने के बाद पुल की आवश्यक मरम्मत कराई जाएगी।

# युवाओं ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खम्हरिया में मेरा युवा भारत कवर्धा के युवाओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया नरेंद्र निर्मलकर शामिल हुए। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं एवं ग्रामवासियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रसेवा, शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर उनके आदर्शों पर चलने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का सफल बनाने में ग्राम पंचायत खम्हरिया के युवाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर रोहित निर्मलकर, सुशील निर्मलकर, पप्पू गोस्वामी, आकाश निषाद, प्रकाश, सुभाष,अशिष, बड़े लाल निषाद, ब्रिजेश, भागवत, रत्नाकर निर्मलकर युवा मंडल के सभी सदस्य शामिल रहे।